झारखंड के 6 लोगों को मिलेगा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

25 नवंबर, 2022 को नई दिल्ली स्थित संगीत नाटक अकादमी के सचिव एपी राजन ने 'संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (वर्ष 2019, 2020, 2021)' की घोषणा करते हुए बताया कि रंगमंच और संगीत के क्षेत्र में दखल रखनेवाली झारखंड की छह शख्सियतों को देश के प्रतिष्ठित 'संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार'के लिये चुना गया है।

प्रमुख बिंदु

- एपी राजन ने बताया कि इस वर्ष विभिन्न कला विधाओं से जुड़े देश भर के 128 लोगों व संस्थाओं का चयन अकादमी पुरस्कार के लिये किया गया है, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।
- राज्य से स्वतंत्र रंगकर्मी अजय मलकानी, रायकेला शैली के छऊ नृत्य गुरु सह कलाकार ब्रजेंद्र कुमार पटनायक तथा ट्राइबल फोक व म्यूजिक हेतु नायक टोली हटिया के महावीर नायक को अमृत अवॉर्ड के लिये, संथाली म्यूजिक हेतु जादूगोड़ा पूर्वी सिंहभूम के दुर्गा प्रसाद मुर्मू को संगीत नाटक अकादमी-2021 के लिये, सिमडेगा के जगदीश बड़ाईक को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार-2020 के लिये और बोकारो के बिनोद महतो को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार-2021 के लिये चुना गया है।
- गौरतलब है कि अजय मलकानी मारवाड़ी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर व राँची विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग के निदेशक पद से सेवानिवृत्त रंगकर्मी वर्तमान में एनएसडी एकेडमिक काउंसिल के सदस्य हैं। उन्हें थियेटर में निर्देशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये चुना गया है। वे नाट्य संस्था युवा रंगमंच के संस्थापक हैं और देश भर में मंचित 50 से भी ज्यादा नाटकों का निर्देशन कर चुके हैं।
- ज्ञातव्य है कि मलकानी राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से 1986 में निर्देशन में डिप्लोमा करनेवाले संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सैलरी एंड प्रोडक्शन ग्रांट कमेटी के सदस्य, झारखंड सरकार की फिल्म नीति के अंतर्गत तकनीकी सलाहकार परिषद के सदस्य व गोवा में आयोजित 48वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल 2017 के फिल्म रिव्यू के सदस्य भी रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sangeet-natak-akademi-award-1